Finish 190 x 260 mm

समाज विकास

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन का मुखपत्र

• अक्टूबर २०१९ • वर्ष ७० • अंक १०

मूल्य : ₹ १० प्रति, वार्षिक ₹ १००

महामानव की १५०वीं जन्म-जयंती पर विनम्र, कृतज्ञ पुष्पांजलि !



जन्म: ०२ अक्तूबर १८६९ ई. निधन: ३० जनवरी १९४८ ई.

इस अंक में –

- अध्यक्षीय : दीपावली की शुभकामनायें
- सम्पादकीय : गांधीजी का रामराज्य का सपना अधूरा
- रपट : पश्चिम बंग सम्मेलन का संगठन-विस्तार
- महात्मा गांधी की १५०वीं जयन्ती पर आलेख: गांधीजी, बंगाल और मारवाड़ी समाज, भारतीय लोकगीतों में गांधी, प्रेरणा के पथिक।

राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक १५ दिसम्बर २०१९ (रविवार) को सम्मेलन मुख्यालय सभागार (कोलकाता) में

पश्चिम बंग सम्मेलन का सघन संगठन-विस्तार अभियान

- पाँच दिनों में नौ नयी शाखाओं की स्थापना
- एक हजार से अधिक नये सदस्य बने

गत ०८ से १२ सितम्बर २०१९ तक एक पाँच दिवसीय अभियान चलाकर पश्चिम बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा नौ नयी शाखाओं की स्थापना की गई। (चित्र में) ०८ सितम्बर को सिलीगुड़ी में आयोजित पहली सभा को सम्बोधित करते सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं समाजचिंतक श्री सीताराम शर्मा, अन्य परिलक्षित हैं - पश्चिम बंग सम्मेलन के अध्यक्ष श्री नंदकिशोर अग्रवाल, श्री पवन जालान, श्री प्रेमचंद सुरेलिया आदि।

दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें!

आओ अंधकार मिटाने का हुनर सीखें हम,
कि वजूद अपना बनाने का हुनर सीखें हम,
रोशनी और बढ़े, और उजाला फैले
दीप से दीप जलाने का हुनर सीखें हम!

LINC
pentonic
pentonic
₹10 per pen
AVAILABLE IN 10 COLOURS
LINC PEN & PLASTICS LIMITED | 3, ALIPORE ROAD, KOLKATA - 700 027 | +91 98365 62100 | customercare@lincpen.com

RUPA
सर्दियों में
only
TORRIDO
TORRIDO
TORRIDO
PREMIUM THERMAL
STRETCHABLE | BODY-HUGGING | ATTRACTIVE COLOURS | SOFT AND NON-ITCHY
www.rupa.co.in | SMS 'RUPA' to 53456 | Toll Free No: 1800 1235 001 | Shop Online: www.rupaonlinestore.com

With Best Compliments From:

ROAD CARGO MOVERS PVT. LTD.

Head Office : 3, Gibson Lane, 2nd Floor
Suite-211, Kolkata-700 069

Phone : 2210-3480, 2210-3485

Fax : 2231-9221

E-mail: roadcargo@vsnl.net

Branches & Associates:

GUWAHATI, SILIGURI, DURGAPUR, HALDIA, KHARAGPUR,
BALASORE, BHUBNESWAR, CUTTUCK, ICCAPURAM, VISHAKAPATNAM,
VIJAYWADA, HYDERABAD, CHENNAI, BANGALORE, COCHIN, GAZIABAD (U.P. BORDER), INDORE

समाज विकास

◆ अक्टूबर २०१९ ◆ वर्ष ७० ◆ अंक १०
◆ एक प्रति - ₹१० ◆ वार्षिक - ₹१००

अनुक्रमणिका

शीर्षक	पृष्ठ संख्या
● **चिट्ठी आई है**	५
● **सम्पादकीय : शिव कुमार लोहिया** गांधी जी का रामराज्य का सपना अधूरा	७
● **अध्यक्षीय : सन्तोष सराफ** दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ!	९
● **रपट –**	
पश्चिम बंग सम्मेलन संगठन विस्तार	१३-१५
पूर्वोत्तर सम्मेलन : राष्ट्रीय नागरिक पंजी प्रकरण	१५
● **आलेख** – जब मारवाड़ी युवकों ने क्रांतिकारियों....	१६
– दिवाली में ज्ञान और प्रेम का दीपक **सीताराम शर्मा**	१९
– गांधीजी, बंगाल और मारवाड़ी समाज	२०-२१
● महात्मा गांधी की १५०वीं जयन्ती पर	२२-२८
● राजिया रे सोरठे – **कृपाराम बारहठ**	३१
● देव-स्तुति – **डॉ. जुगल किशोर सराफ**	३२
● सम्मेलन में नए सदस्यों का स्वागत	३३-३६

स्वत्वाधिकारी

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन
All India Marwari Federation

प्रशासनिक एवं सम्पर्क कार्यालय : **४बी, डकबैक हाउस, ४१, शेक्सपीयर सरणी, कोलकाता - ७०००१७**
फोन : ०३३-४००४ ४०८९

पंजीकृत कार्यालय : १५२बी (द्वितीय तल), महात्मा गांधी रोड कोलकाता - ७००००७

◆ email: aimf1935@gmail.com
◆ Website : www.marwarisammelan.com

स्वत्वाधिकारी ऑल इण्डिया मारवाड़ी फेडरेशन के लिये **श्री भानीराम सुरेका** द्वारा ऑल इण्डिया मारवाड़ी फेडरेशन, ४बी, डकबैक हाउस (४ तल्ला), कोलकाता-१७ से प्रकाशित तथा सी.डी.सी. प्रिंटर्स प्रा. लि., ४५, राधानाथ चौधरी रोड, कोलकाता - ७०००१५ से मुद्रित।

◆ **प्रेरक संपादक : सीताराम शर्मा** ◆ **सम्पादक : शिव कुमार लोहिया**

प्रकाशित रचनाओं से सम्पादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है।

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन
4बी, डकबैक हाउस (चौथा तल्ला)
41, शेक्सपियर सारणी, कोलकाता-700 017

समाज से सादर निवेदन

वैवाहिक अवसर पर मद्यपान करना - कराना धार्मिक एवं सामाजिक दोनों रूप से उचित नहीं है।

प्री-वेडिंग शूट हमारी सभ्यता एवं संस्कृति के खिलाफ है।

समाजहित में इनसे परहेज करें।

निमंत्रण में ई-कार्ड को बढ़ावा दें।

चिट्ठी आई है

राजस्थानी भाषा को मान्यता

समाज विकास के सितम्बर विशेषांक में आपका पठनीय लेख 'मायड़ भासा रे बिना, क्या रो राजस्थान' पद्मश्री कन्हैया लाल जी सेठिया के आक्रोश को व्यक्त करता है। राजस्थानी भाषा को मान्यता मिलना न्यायोचित है।

– विमल चौधरी

'असमर मारवाड़ी समाज'

असमिया भाषा में छपी पुस्तक 'असमर मारवाड़ी समाज' (हिंदी में अर्थ होगा - असम का मारवाड़ी समाज) का विमोचन गत २५ अगस्त २०१९ को धेमाजी में हुआ। असम के विद्वानों, साहित्यिक एवं बुद्धिजीवी मूर्धन्य लेखकों के समय-समय पर लिखे गए लेखों का संग्रह कर उमेश जी खंडेलिया ने संग्रह एवं संपादन कर साहित्य जगत को एक बहुमूल्य रत्न दिया है। सरसरी नजर डालने पर मन में उठे उद्‌गार कुछ इस प्रकार हैं - भविष्य में यह ग्रंथ असम के मारवाड़ी समाज पर शोधकर्ताओं के लिए सहायक होगी। असम के मारवाड़ी समाज के प्रति असम के विद्वानों की, साहित्यकारों की सोच कैसी है, का उत्तर इस पुस्तक में संकलित लेखों से मिल जाता है। अपनी नसों में असम की मिट्टी की सुगंध रचा-बसाकर रखने वाले मारवाड़ी समाज के प्रति विभिन्न लेखकों के उद्‌गार बहुमूल्य है।

हमारे डिब्रूगढ़ के निवासी स्वर्गीय हरीराम खंडेलवाल के सुपुत्र उमेश जिन्होंने धेमाजी को अपनी कर्मस्थली बना रखी है, वहाँ के स्थानीय सामाजिक कार्यों के प्रति समर्पित भाव वाले कर्मठ व्यक्ति हैं। आशा है कि भविष्य में भी वे यूँ ही समाज एवं साहित्य की सेवा करते रहेंगे।

– मुरारी केडिया
('जागृति' से साभार)

IISD Edu World
Be a Leader...

SREI Foundation

"Educate Morally & Technically" — Swami Vivekananda

Swami Vivekananda SREI Merit Scholarship upto 100% Quality Education at most affordable fees

Hospitality

Hospitality Management & Culinary Arts

Newly Introduced

BTED – HND in Hospitality Management

awarded by EDEXCEL, UK (A Pearson Global Education Undertaking)

Language School

- Functional English
- Spanish
- Russian
- Chinese
- French
- Hindi
- SANSKRIT
- Spoken English
- Italian
- German
- Persian
- Bahasa (Indonesia)
- Bengali

Assistance for placement

- Complementary Spoken English
- Online Application Facility
- Regular / Weekend Classes
- AC Classrooms
- P G Accommodation

Centre for Administrative Services / WBCS

Course Director: Dr.Bikram Sarkar (IAS retd.)

- Indian Administrative Service (IAS) and Allied Services Examinations (Prelim and Main)
- WBCS (Executive) and Judicial Services Examinations (Prelim and Main)

Health Care

Preparatory course for Joint Entrance of MD/MS, DNB and MRCP (Part-I) Medicine

"Family Medicine Certificate Course (First Aid)

Business School

- AIMA recognized PGDM (2Yrs.)
- Tally ERP 9+GST
- Company Secretaryship
- Chartered Accountancy (CPT, IPCC & Final)
- Entrepreneurship Development
- Diploma in Banking and Finance

Skills

- Web Technology
- Certificate course on Theology
- Soft Skills
- Vocational & Technical Training
- Montessori Teacher Training (1 Year Diploma)
- Certificate Course on Computer Applications
- School Guide
- Bachelor Guide

IISD EDU World

IB-200/1, Sector-III, Salt Lake, Kolkata - 700 106
Ph : 2335 2378/2861, Fax : 2335 2379
E-Mail : info@iisdedu.in ● Website : www.iisdedu.in

18, Ballygunge Circular Road, Kolkata-700019
Website : www.iisdeduworld.com
Email : iisdedu@gmail.com
Ph : 46001626 / 27

सम्पादकीय

गांधी जी का रामराज्य का सपना अधूरा

महात्मा गांधी ने जीवन भर स्वराज्य की साधना की। वे कैसा स्वराज्य चाहते थे? २० मार्च १९३० को हिंदी पत्रिका 'नवजीवन' में उन्होंने लिखा था - "राज्य के कितने ही अर्थ क्यों न किये जायें, तो भी मेरे नजदीक तो उसका त्रिकाल सत्य एक ही अर्थ है - और वह है रामराज्य। यदि किसी को रामराज्य शब्द बुरा लगे तो मैं उसे धर्मराज्य कहूँगा। रामराज्य शब्द का भावार्थ है कि उसमें गरीबों की संपूर्ण रक्षा होगी। सर्व कार्य धर्मपूर्वक किये जायेंगे और लोकमत का सदा आदर किया जाएगा। सच्चा चिंतन तो वही है जिसमें रामराज्य के लिये योग्य साधन का ही उपयोग किया गया है।" याद रहे कि रामराज्य स्थापित करने के लिए जिस गुण की आवश्यकता है, वह तो सभी वर्गों के लोगों - स्त्री, पुरुष, बालक और बूढ़ों तथा सभी धर्मों के लोगों में आज भी मौजूद है। दुख मात्र इतना है कि सब कोई अभी उस हस्ती को पहचानते नहीं। सत्य, अहिंसा, मर्यादा-पालन, वीरता, क्षमा, धैर्य आदि गुणों का हममें से प्रत्येक व्यक्ति यदि चाहे तो क्या आज भी अपने जीवन में परिचय नहीं दे सकता? २२ मई १९२१ को गुजराती 'नवजीवन' में गांधी जी ने लिखा था - "कुछ लोग पूछते हैं कि जब तक राम और दशरथ फिर से जन्म नहीं लेते तब तक क्या रामराज्य मिल सकता है? हम तो राम राज्य का अर्थ स्वराज्य, धर्मराज्य, लोकराज्य करते हैं। वैसा राज्य तो तभी संभव है जब जनता धर्मनिष्ठ और वीर्यवान बने। हम तो राज्यतंत्र और राज्यनीति को बदलने के लिए प्रयत्न कर रहे हैं"। गांधीजी ने कहा, "सत्य एवं न्याय के ईश्वर के अलावा मैं और कोई ईश्वर को नहीं मानता। रामराज्य की मेरी अवधारणा एक जनतंत्र की है जिसमें सबसे नीचे तबके के नागरिक को न्याय बिना अधिक खर्च के तुरंत मिल जाय।" २ जनवरी १९३७ को हरिजन में उन्होंने लिखा कि राम राज्य में शासन नैतिकता पर आधारित होनी चाहिए। उनके अनुसार आदर्श रामराज्य में धर्म का साम्राज्य रहेगा, युवा, वृद्ध, ऊँचे-नीचे सभी प्राणियों के लिए एवं स्वयं पृथ्वी के लिए। परस्पर सर्वभौम चेतना को स्वीकारते हुए सर्वत्र धर्म व्याप्त हो, सब जगह शांति, सद्भाव एवं आनंद का साम्राज्य हो।

बाल्मिकी रामायण एवं रामचरितमानस में भी रामराज्य एवं स्वयं राजा राम के विषय में विस्तार से बताया गया है। १४ वर्ष के वनवास के वाद रामचन्द्र जी के अयोध्या आने पर दीपावली मनाई गई थी। उन्होंने शासनभार संभाल रामराज्य की स्थापना की थी। रामराज्य की स्थापना के पीछे शासक की मुख्य भूमिका थी।

रामचरितमानस में राम-भरत संवाद में भी प्रशासन के निर्णय लेने के विषय में बताया गया है:-

भरत बिनय सादर सुनिअ करिअ बिचारु बहोरि।
करब साधुमत लोकमत नृपनय निगम निचोरि।।

इसका भावार्थ है कि पहले भरत की विनती आदरपूर्वक सुन लीजिए फिर उस पर विचार कीजिए। तब साधुजन, लोकमत, राजनीति और वेदों का निचोड़ (सार) का समन्वय कर निर्णय लीजिये।

इस संदर्भ में तुलसीदास जी ने सावधान करते हुए कहा:-

तुलसी भेड़ो की धसानि, जड़ जनता सनमान।
उपजत ही अभिमान सो, खोवत मूढ़ अपान।।

अर्थात भोली जनता तो भेड़िया-धसान के समान है। एक भेड़ जहाँ गिरी, सब वहीं गिरने लगते हैं। इसलिए ऐसी जनता से मिली मान-बड़ाई भी मिथ्या है। इसे पाकर जिसके मन में अहंकार पैदा होता है वह मनुष्य मूढ़तावश अपना आपा खो बैठता है और अपने पद से गिर जाता है।

गांधी जी के राम राज्य एवं राजा राम के रामराज्य में निहित अवधारणा एक ही है। इन बातों का अध्ययन करके पता चलता है कि स्वतंत्रता के ७२ वर्षों के बाद भी हम रामराज्य से कोसों दूर हैं। वर्तमान परिस्थिति में हम न्यायप्रियता, सत्य एवं समान दृष्टि को अपनाने में असफल रहे हैं। इसके विपरीत असमानताएँ एवं विषमताएँ बढ़ती जा रही हैं। इस संबंध में गांधीजी ने २६ फरवरी १९४७ को एक प्रार्थना सभा में कहा था - "जिस आदमी की कुर्बानी की भावना अपने सम्प्रदाय से आगे नहीं बढ़ती, वह खुद तो स्वार्थी है ही, अपने सम्प्रदाय को भी स्वार्थी बनाता है।" एक साक्षात्कार में २५ मई १९४७ को उन्होंने आर्थिक असमानता को रामराज्य के लिए खतरा बताते हुए कहा था - "आज आर्थिक असमानता है। थोड़ों को करोड़ों और बाकी लोगों को सूखी रोटी भी नहीं, ऐसी भयानक असमानता में रामराज्य का दर्शन करने की आशा कभी न रखी जाय। जमींदारी, पूँजी अथवा राजसत्ता की ताकत तब तक ही रहती है जबतक आम लोगों में अपनी ताकत की समझ नहीं होती। लोग अगर रूठ गये तो राजसत्ता, पूँजीपति या जमींदार क्या कर सकता है? मेरा मानना है कि सभी सुधारों के लिए सत्य और अहिंसा ही सर्वोपरि साधन है।" अतएव रामराज्य की स्थापना के लिये चारित्रिक बल पर ध्यान देने की जरूरत है, जिसका आज सर्वथा अभाव है। हम भौतिक प्रगति की अँधी दौड़ में शामिल हैं, जिसके तहत सभी प्रकार के भेद की खाई बढ़ती जा रही है। यह कुछ भी हो सकता है पर गांधी जी के सपनों का रामराज्य नहीं है। दलीय राजनीति, भ्रष्टाचार एवं संकीर्णता एवं संकुचित मानसिकता के भार से रामराज्य का सपना आँखो से ओझल होता जा रहा है। राजधर्म की जगह अब वोट की राजनीति चरम पर है।

शिव कुमार लोहिया

MARWARI SAMMELAN FOUNDATION

(A Trust of All India Marwari Federation)

उच्च शिक्षा कोष

समाज के बच्चों को शिक्षित कर परिवार को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में पहल

विगत ८ वर्षों में देश के विभिन्न भागों के सैंकड़ों छात्र-छात्राओं को करीब दो करोड़ रुपयों का दिया जा चुका है अनुदान

वित्तीय वर्ष (२०१८-१९) में ५२ लाख रुपयों से अधिक का आवंटन

"Education is a fundamental human right and essential for excercise of all other human rights."



उदारहृदय समाजबंधुओं का मिल रहा है तहेदिल से साथ

आप भी बढ़ाएँ सहयोग का हाथ समाज के सर्वांगीण विकास में बनें भागीदार !

छात्र/छात्राएँ नि:शुल्क छात्रवृत्ति के लिये सम्पर्क करें

इंजीनियरिंग, टेक्निकल, चिकित्सा, मैनेजमेंट आदि क्षेत्रों में स्नातकोत्तर/उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति हेतु समाज के मेधावी एवं जरूरतमंद छात्र-छात्राओं से आवेदन आमंत्रित हैं।

पात्रता : (क) १७ और २५ वर्षों के बीच के उम्र के मेधावी छात्र-छात्राएँ जिनका शैक्षिक परीक्षाओं में प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा हो और जिन्हें केवल अपनी योग्यता के बल पर किसी मान्यताप्राप्त शैक्षणिक संस्थान में प्रवेश मिल रहा हो।

(ख) जिन आवेदकों के माता-पिता की वार्षिक आय तीन लाख रुपयों से कम होगी, उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी।

प्रक्रिया : (क) पूर्व शैक्षिक प्रमाणपत्रों, प्रवेश के प्रमाण, माता-पिता के आय प्रमाणपत्र एवं पासपोर्ट साइज चित्रों के साथ, मारवाड़ी सम्मेलन की किसी शाखा/सम्बद्ध संस्था से अनुमोदित आवेदन प्रस्तुत करने हैं।

(ख) एक छात्र-छात्रा को वर्ष में अधिकतम दो लाख रुपयों की राशि अनुदानस्वरूप दी जा सकती है।

(ग) प्रतिवर्ष कुछ छात्रवृत्तियाँ छात्राओं के लिए सुरक्षित हैं।

आवेदन करें : *चेयरमैन, उच्च शिक्षा उपसमिति, अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन*

४बी, डकबैक हाउस, ४१, शेक्सपियर सरणी, कोलकाता-१७, फोन : (०३३) ४००४४०८९, ईमेल : aimf1935@gmail.com

अध्यक्षीय

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ!

– सन्तोष सराफ

अक्टूबर मास में हम दीपावली पर्व का उत्सव पालन करेंगे। दीपावली पाँच दिनो का महापर्व है। धनतेरस, नरकचतुर्दशी, अमावस्या, गोवर्धन पूजा, अन्नकूट एवं भैयादूज को मिलाकर पूरे देश में किसी न किसी रूप में इस त्यौहार को मनाया जाता है। सदियों से इसका पालन हो रहा है। मुगलशासनकाल में भी सभी धर्मों के लोग इन्हें मनाते थे। इस अवसर पर आकर्षक सजावट हुआ करती थी, जो अभी तक चली आ रही है।

दीपावली एक धार्मिक त्यौहार ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक एवं सामाजिक त्यौहार भी हैं। एक कथा के अनुसार रामचन्द्रजी रावण का वध करके, १४ वर्षों के वनवास की मियाद पूरी होने पर जिस दिन अयोध्या वापिस लौटे, उस दिन शहर के प्रत्येक घर को दीपक के प्रकाश से आलोकित किया गया। दीपक का प्रकाश हमारे हर्षोल्लास का द्योतक है। अंधकार पर प्रकाश के विजय का द्योतक है। साथ ही, कहीं न कहीं यह आत्म-प्रकाश का प्रतिनिधित्व करता है। इसी दिन सागर-मंथन के दौरान माँ लक्ष्मी का प्रादुर्भाव हुआ था। १३ वर्ष का अज्ञातवास पूर्ण कर इसी दिन पांडव अपने राज्य लौटे थे। इसी दिन भगवान विष्णु ने राजा बलि को पाताल लोक का स्वामी बनाया था एवं इन्द्र ने स्वयं को सुरक्षित महसूस करते हुए दीप जलाये थे। सम्राट विक्रमादित्य का राज्याभिषेक दीपावली के दिन ही हुआ था। ईसापूर्व चौथी शताब्दी में रचित कौटिल्य अर्थशास्त्र के अनुसार कार्तिक अमावस्या के अवसर पर मंदिरों और घाटों पर बड़े पैमाने पर दीप जलाये जाते थे। ५०० ईसा पूर्व भी मोहनजोदाड़ो सभ्यता से प्राप्त अवशेषों में मिट्टी की एक मूर्ति के अनुसार उस समय भी दीपावली मनाई जाती थी।

दीपावली के बाह्यस्वरूप के साथ इस त्यौहार का एक आंतरिक संदेश भी है, जो कि हमें नई उर्जा एवं नया उत्साह प्रदान करता हैं।

दीपावली पर्व में निहित संदेश सम्पूर्ण मानव-मात्र के लिए विशेष स्थान रखता है। वह संदेश है अज्ञान पर ज्ञान, बुराई पर अच्छाई, असत्य पर सत्य, अंधकार पर प्रकाश, वैमनस्य पर सौहार्द के विजय का। बाह्य एवं आंतरिक विशेषता के फलस्वरूप भारत के अलावा विश्व के अनेक भागों में दीपावली श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई जाती है। दीपावली हमें अपनी बुराइयों से निजात पाने का अवसर देती है। समाज की कुरीतियाँ भी बुराइयों में शामिल है। एक-दूसरे के प्रति वैमनस्य, मद्यपान, दिखावा, आडम्बर, अन्याय आदि दुर्गुणों से समाज को बचाने के लिए सभी समाजबंधुओं को आगे आना होता है। आज यह देखा जाता है कि इस विषय में प्रायः अधिकांश लोग उदासीन रहते हैं। देखते-समझते हुए भी चुप रहते हैं। इस उदासीनता एवं शिथिलता से स्वयं को उपर उठाना होगा। तभी सच्चे अर्थ में दिवाली का संदेश हम आत्मसात कर सकेंगे।

व्यापारी वर्ग दिपावली के अवसर पर लक्ष्मी पूजन एवं नए विक्रम संवत पर खातापूजन भी करते हैं। अपने गिले-शिकवे मिटाकर हम नई शुरूआत करते हैं। अपने मन के संकुचन को दूर करके जीवन को सकारात्मकता से भरते हैं। जो व्यक्ति नकारात्मकता से ग्रसित होते हैं, दीपावली उनके लिए फीकी होती है। बदलते परिवेश में दिवाली के साथ जुड़े आतिशबाजी के रिवाज में बदलाव की आवश्यकता है। देश के सभी बड़े शहरों में प्रदूषण का स्तर खतरनाक से भी उपर रहता है। सभी हालातों में आतिशबाजी के धुएँ से प्रदूषण की मात्रा अत्यधिक हो जाती है। पर्यावरण को बचाकर रखने के लिए प्रत्येक नागरिक को सजग रहना चाहिए, क्योंकि अंत में इस कारण साधारण नागरिक को ही खामियाजा भोगना पड़ता है। दिल्ली जैसे शहरों में तो नागरिकों को श्वास लेने में भी कठिनाई हो जाती है। समय की माँग है कि हम सब अधिक से अधिक मात्रा में अपना सहयोग करें।

दीपावली के अवसर पर सभी देशवासियों को सम्मेलन एवं मेरी ओर से हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित करता हूँ। सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, सम्पदा, मधुरता एवं शांति का विस्तार हो, इन्हीं शुभकामनाओं के साथ...

जय समाज, जय राष्ट्र!

Comprehensive and Exclusive

Business Economics

... Truly reflecting global aspirations!

Subscribe

100% Bargain



Subscribe Business Economics :

Subscribers may send choice of books valued equal to subscription

Tick	Term	No. of Issues	Price you pay	Gift Value	Saving	US $	UK £	Gift Option
☐	3 Years	72	1440/-	1440/-	1440/-	216	144	☐8GB Pen Drive OR ☐ Bag OR ☐ Tie/Stoll OR ☐ Books
☐	1 Year	24	480/-	480/-	480/-	72	48	☐ 4GB Pen Drive OR ☐ Desktop Clock OR ☐ T-Shirt OR ☐ Books
☐	1 Year	24 + Anniversary Issue (Worth ₹ 150)	240/-	150/-	390/-	-	-	☐ Exclusively for Students/Institutions
☐	1 Year	24 + Anniversary Issue (Worth ₹ 150)	240/-	150/-	390/-	-	-	☐ EXCLUSIVELY FOR SENIOR CITIZENS

For 1 year Book of choice upto ₹ 480 | **For 3 years Books of choice upto ₹ 1440**

Business Economics — Subscription Form

Name : Mr./Ms. _____

Address : _____

_____ City/District : _____

State : _____ Country : _____ Pin Code : ☐☐☐☐☐☐

E-mail : _____ Mobile : _____ Landline : _____ (STD CODE)

REMITTANCE DETAILS :

Enclosed Cheque / DD No. _____ dated: _____ for Rs. _____ drawn on: _____

In favour of **CONTEMPORARY NEWS PRIVATE LIMITED**

Signature: _____ date: _____

Mail this subscription form along with your Cheque / DD to : Pramod Kr. Singh, General Manager, **Business Economics**, 3, Middle Road, Hastings, Kolkata - 700 022, India
Ph : 033 - 2223 0335/0368, Mobile : 93395 19642, E-mail : subscriptions@businesseconomics.in

For Subscription enquiries contact : Kolkata : Shaonli Majumder : 033 2223-0368 • **Mumbai :** Rajendra Singh : 90290 84951
New Delhi : Lala P. Yadav : 98102 10095 • **Kohima :** Povotso Lohe : 94360 05889

Lucky DRAW

QUARTERLY LUCKY DRAW FOR THE SUBSCRIBERS :
1st Prize : INR 2000/- ● 2nd Prize : INR 1000/- ● 3rd Prize : INR 500/-

Diva®
from LA OPALA®

CLASSIQUE COLLECTION | IVORY collection | QUADRA COLLECTION | SOVRANA COLLECTION | COSMO collection

Registered Office
Chitrakoot, 10th Floor, 230 A, A J C Bose Road, Kolkata-700020
Ph: 76040 88814/15/16/17 | Email: info@laopala.in | www.laopala.in

With Best compliments From

Anzen Exports
&
Shubham Pharmachem Pvt. Ltd.

DEALER IMPORTER EXPORTER INDENTING AGENT FOR ALL KINDS OF ACTIVE PHARMACEUTICAL INGREDIENTS, PHYTOCHEMICALS, HERBAL EXTRACTS & ESSENTIAL OILS

KOLKATA

Anzen Exports

Regd. Office : 55/3D, Ballygunge Circular Road
Ground Floor, Kolkata-700 019, India

Admn. & Corres. Office :
157, Sarat Bose Road, 2nd Floor
Kolkata-700 026, India
20C, Hazra Road, 1st Floor, Kolkata-700 026, India
Tel : 91-33-2454 9650/51, 91-33-2454 8159
E-mail: info@anzen.co.in Web: www.anzen.co.in

MUMBAI

Shubham Pharmachem Pvt. Ltd.

205-206, Laxmi Plaza, Laxmi Industrial Estate
New Link Road, Andheri (W)
Mumbai - 400 053, India
P : +91 (22) 2635 4800 / 2635 4900
F: +91 (22) 6692 3929 / 2631 8808
Email: shubham@shubham.co.in

पश्चिम बंग सम्मेलन का संगठन-विस्तार : नौ नयी शाखाओं की स्थापना

अपनी भाषा और संस्कृति को रखें अक्षुण्ण : सीताराम शर्मा
संगठन का कोई विकल्प नहीं : नंदकिशोर अग्रवाल

"पश्चिम बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा पिछले कुछ समय से अत्यंत सक्रियता के साथ संगठन-विस्तार हेतु सघन अभियान चलाया जा रहा है और इसके सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो रहे हैं। वर्तमान सत्र में पश्चिम बंग सम्मेलन की शाखाओं की संख्या ३ से १९ हो गई है और लगभग डेढ़ हजार नये सदस्य बने हैं। समाज के सभी तबकों को साथ लेकर समाजहित में अनवरत प्रयत्नशील रहने की हमारी कार्यशैली है और इससे लोग लगातार सम्मेलन से जुड़ रहे हैं जो हमारे लिए अत्यंत उत्साहवर्धक है।" ये विचार पश्चिम बंग सम्मेलन के अध्यक्ष **श्री नंदकिशोर अग्रवाल** ने व्यक्त किए।

गत ०८ से १२ सितम्बर २०१९ तक एक पाँच-दिवसीय अभियान चलाकर राज्य के विभिन्न भागों, मुख्यतः उत्तरी बंगाल क्षेत्र में, कुल नौ नयी शाखाओं की स्थापना की गई। श्री अग्रवाल ने बताया कि इसके लिए कई महीने पूर्व से ही आवश्यक कदम उठाये गये, प्रादेशिक सम्मेलन द्वारा विभिन्न स्थानों के समाजबंधुओं से समन्वय किया गया। उन्होंने बताया कि इसमें सम्मेलन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति के सदस्य एवं प्रादेशिक सम्मेलन द्वारा उत्तर बंगाल के संयोजक के रूप में मनोनीत **श्री पवन जालान** की अत्यंत महत्वपूर्ण एवं अग्रणी भूमिका रही।

०८ सितम्बर २०१९ को एस.एफ. रोड, सिलीगुड़ी स्थित सिद्धिविनायक बैंक्वेट हॉल में एक सभा आयोजित कर पश्चिम बंग सम्मेलन की **सिलीगुड़ी शाखा की स्थापना की गई**। बैठक को सम्बोधित करते हुए **सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं समाजचिंतक श्री सीताराम शर्मा ने सम्मेलन के इतिहास एवं पृष्ठभूमि के विषय में बताया। उन्होंने सामाजिक संगठन को आवश्यक बताते हुए अपनी भाषा एवं संस्कृति के विषय पर युवक-युवतियों एवं किशोर-किशोरियों को शिक्षित-सजग रखने को अनिवार्य बताया। संगठन-विस्तार में सक्रियता हेतु उन्होंने पश्चिम बंग सम्मेलन के अध्यक्ष श्री नंदकिशोर अग्रवाल एवं उनकी टीम की सराहना की।** बैठक में सर्वसम्मति से **श्री विष्णु केडिया** को सिलीगुड़ी शाखा का संस्थापक अध्यक्ष मनोनीत किया गया। **श्री रामावतार बरेलिया को संयोजक, श्री अरुण कन्दोई को सचिव, श्री बिजय अग्रवाल को सह-सचिव एवं श्री रमेश अग्रवाल को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया।**

०८ सितम्बर २०१९ को ही जलपाईगुड़ी स्थित अग्रसेन भवन में एक सभा आयोजित कर पश्चिम बंग सम्मेलन की **जलपाईगुड़ी शाखा की स्थापना की गई। श्री कृष्ण कुमार कल्याणी संस्थापक अध्यक्ष एवं श्री प्रदीप सितानी सचिव मनोनीत हुए।**

सिलिगुड़ी शाखा के संस्थापक अध्यक्ष श्री विष्णु केडिया को पगड़ी पहनाते श्री सीताराम शर्मा एवं श्री नंद किशोर अग्रवाल (सबसे दाहिने)।

जलपाईगुड़ी शाखा के संस्थापक अध्यक्ष श्री कृष्ण कुमार कल्याणी (पगड़ी में); साथ में श्री नंदकिशोर अग्रवाल, श्री पवन जालान एवं अन्य।

०८ सितम्बर २०१९ को ही माल बाजार रोड, मैनागुड़ी स्थित मारवाड़ी जनकल्याण समिति भवन में एक सभा आयोजित कर पश्चिम बंग सम्मेलन की **मैनागुड़ी शाखा की स्थापना की गई। श्री हनुमान प्रसाद कल्याणी संस्थापक अध्यक्ष एवं श्री सुनील खोरिया सचिव मनोनीत हुए।**

मैनागुड़ी शाखा के संस्थापक अध्यक्ष श्री हनुमान प्रसाद कल्याणी (पगड़ी में); साथ में परिलक्षित हैं श्री नंदकिशोर अग्रवाल एवं श्री पवन जालान (सबसे दाहिने)।

०९ सितम्बर २०१९ को मॉल रोड, दार्जिलिंग स्थित पाइनट्री होटल में एक सभा आयोजित कर पश्चिम बंग सम्मेलन की **दार्जिलिंग शाखा की स्थापना की गई। श्री बृजमोहन गर्ग संस्थापक अध्यक्ष एवं श्री हिमांशु गर्ग सचिव मनोनीत हुए।**

दार्जिलिंग शाखा के संस्थापक अध्यक्ष श्री बृजमोहन गर्ग (पगड़ी में) के साथ श्री नंदकिशोर अग्रवाल एवं श्री पवन जालान।

०९ सितम्बर २०१९ को ही बर्दवान रोड, कर्सियांग स्थित मोहोपाल रेसिडेन्सी में एक सभा आयोजित कर पश्चिम बंग सम्मेलन की **कर्सियांग शाखा की स्थापना की गई। श्री राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल संस्थापक अध्यक्ष एवं श्री रमेश मित्तल (अग्रवाल) सचिव मनोनीत हुए।**

कार्सियांग शाखा के संस्थापक अध्यक्ष श्री राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल (पगड़ी में) के साथ श्री नंदकिशोर अग्रवाल एवं श्री पवन जालान।

१० सितम्बर २०१९ को अलिपुरद्वार के मारवाड़ी यूथ सेवा सदन में एक सभा आयोजित कर पश्चिम बंग सम्मेलन की **अलिपुरद्वार शाखा की स्थापना की गई। श्री मुरारीलाल अग्रवाल संस्थापक अध्यक्ष एवं श्री मानिक लाल बोथरा सचिव मनोनीत हुए।**

११ सितम्बर २०१९ को रायगंज के मारवाड़ी भवन में एक सभा आयोजित कर पश्चिम बंग सम्मेलन की **रायगंज शाखा की स्थापना की गई। श्री शुभकरन सैंड संस्थापक अध्यक्ष एवं श्री जय प्रकाश अग्रवाल सचिव मनोनीत हुए।**

अलिपुरद्वार शाखा के संस्थापक अध्यक्ष श्री मुरारीलाल अग्रवाल (पगड़ी में) के साथ श्री नंदकिशोर अग्रवाल एवं श्री पवन जालान।

रायगंज शाखा के संस्थापक अध्यक्ष श्री शुभकरण सैंड (पगड़ी में, दाहिने) के साथ श्री नंदकिशोर अग्रवाल एवं श्री पवन जालान।

११ सितम्बर २०१९ को ही मालदह के गांधी हिन्दू धर्मशाला में एक सभा आयोजित कर पश्चिम बंग सम्मेलन की **मालदह शाखा की स्थापना की गई। श्री प्रवीण कुमार बाँठिया संस्थापक अध्यक्ष एवं श्री चन्द्र कुमार बिहानी सचिव मनोनीत हुए।**

मालदह शाखा के संस्थापक अध्यक्ष श्री प्रवीण कुमार बाँठिया को पगड़ी पहनाते श्री नंदकिशोर अग्रवाल।

१२ सितम्बर २०१९ को बर्दवान के सिटी टावर में एक सभा आयोजित कर पश्चिम बंग सम्मेलन की **बर्दवान शाखा की स्थापना की गई। श्री घनश्याम अग्रवाल संस्थापक अध्यक्ष एवं श्री संदीप भीमराजका सचिव मनोनीत हुए।**

पश्चिम बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष श्री नंद किशोर अग्रवाल ने बताया कि इन सभी सभाओं में समाज के पुरुष-महिलाओं ने भारी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज करायी और सम्मेलन के विषय में जानने और जुड़ने को उत्सुक दिखे। उन्होंने कहा कि समाजबंधुओं का यह उत्साह हमारे लिए प्रेरणास्रोत है। **श्री अग्रवाल ने संगठन-विस्तार के इस अभियान की प्रारम्भिक सभा में उपस्थित होकर मार्गदर्शन करने हेतु सम्मेलन के पूर्व अध्यक्ष श्री सीताराम शर्मा एवं सक्रिय भूमिका हेतु संयोजक श्री पवन जालान, प्रादेशिक महामंत्री श्री शिव कुमार अग्रवाल, श्री प्रेमचंद सुरेलिया आदि का आभार ज्ञापित किया।**

बर्दवान शाखा के संस्थापक अध्यक्ष श्री घनश्याम अग्रवाल (पगड़ी में) के साथ श्री नंदकिशोर अग्रवाल, श्री शिव कुमार अग्रवाल एवं स्थानीय समाजबंधु।

प्रांतीय समाचार : पूर्वोत्तर

असम में राष्ट्रीय नागरिक पंजी प्रकरण

मारवाड़ी समाज ने भी उच्च स्तरीय समिति के सम्मुख रखा अपना पक्ष

असम समझौते की धारा ६ के विषय पर केंद्र सरकार द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति के आह्वान पर विभिन्न दल-संगठनों ने समिति के सम्मुख अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। इसी कड़ी में मारवाड़ी समाज का पक्ष रखने के लिए उक्त समिति ने पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन एवं पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी युवा मंच के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल को आमंत्रित किया, प्रतिक्रियास्वरूप गत ४ अक्टूबर २०१९ को एक प्रतिनिधिमंडल समिति से जाकर जिला, ज्ञापन सौंपा और खुलकर अपनी बातें समिति के सम्मुख प्रस्तुत की।

उक्त प्रतिनिधिमंडल में सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष मधुसूदन सीकरिया, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. श्यामसुंदर हरलालका, प्रांतीय महामंत्री राजकुमार तिवाड़ी, पूर्व प्रांतीय महामंत्री प्रमोद तिवाड़ी, युवा मंच के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जैना, प्रांतीय महामंत्री राहुल अग्रवाल एवं सामाजिक चिंतक विनोद रिंगानिया सम्मिलित थे। डॉ. हरलालका एवं श्री जैना ने अपने संबोधन में विस्तारपूर्वक समाज का पक्ष रखते हुए विगत तीन शताब्दी से भी अधिक समय से मारवाड़ी समाज द्वारा असम के सर्वांगीण विकास में किए गए अवदानों का जिक्र किया तथा मारवाड़ी समाज को बृहत्तर असमिया समाज का अभिन्न अंग बताया।

दल के सदस्यों का कहना था कि मारवाड़ी समाज कभी भी असम के विकास में बाधक नहीं रहा। असम की आर्थिक उन्नति एवं स्थानीय लोगों को रोजगार मुहैया कराने में मारवाड़ी समाज का योगदान सर्वोपरि रहा है। न ही इतिहास में कभी किसी कार्य में मारवाड़ी समाज बाधक बना है। समाज के लोगों ने अपनी मेहनत से यहाँ जो सृजन किया है, उसका व्यय भी असम के विकास में वहीं किया है।

इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए मारवाड़ी समाज को वर्तमान में प्राप्त उसके किसी भी अधिकार से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। यह जानकारी सम्मेलन के प्रांतीय जनसंपर्क अधिकारी विवेक सांगानेरिया ने दी है।

जब मारवाड़ी युवकों ने क्रांतिकारियों का साथ दिया

रोडा एंड कम्पनी, बर्मिंघम, ब्रिटेन में बंदूक, पिस्तौल एवं उनकी गोलियाँ बनाती थी। उस कम्पनी की बर्मिंघम, लंदन एवं कलकत्ता में दुकानें थी। जून १९१४ में ब्रिटिश सरकार ने रोडा एंड कम्पनी को ५० मौजर पिस्तौल, अर्द्ध स्वचालित पिस्तौल, ४६०००, ७.६३x२५ मिलीमिटर साइज के गोलियों का आर्डर दिया था। सी९६ एक बहुत ही चर्चित एवं लोकप्रिय पिस्तौल था, जिसका विश्व के अनेक क्षेत्रों में उपयोग होता था। रोडा एंड कम्पनी के एक कर्मचारी श्री सिरिश मित्रा प्रख्यात क्रांतिकारी विपिन बिहारी गांगुली एवं उनके साथियों के सम्पर्क में था। लंदन से पूरा माल आ चुका था एवं २६ अगस्त १९१४ को कस्टम हाउस से यह माल छुड़वाने के लिये सिरिश मित्रा की बात थी। उसने विप्लवियों को इसकी सूचना दे दी। पूरा माल छुड़वा लिया गया एवं व्यवस्था के मुताबिक पूरा जखीरा क्रांतिकारियों के हाथ आ गया। इस घटना से ब्रिटिश सरकार सकते में आ गई। इस पूरे घटना में क्रांतिकारियों की अभिनव सोच एवं मात्र एक बैलगाड़ी का प्रयोग हुआ था। ब्रिटिश सरकार ने इस घटना को बंगाल में क्रांतिकारियों के बढ़ते कारगुजारियों के पीछे सर्वोच्च महत्वपूर्ण घटना की संज्ञा दी थी। १९१९ में सर सिडनी रौखेर ने रोडा अस्त्र लूट पर अपने रिपोर्ट के पेज ५६ मे लिखा "इन अधिकारियों को यह विश्वस्त सूत्रों से खबर है कि लूटे गये पिस्तौल में से ४४ पिस्तौल ९ अलग-अलग क्रांतिकारी दलों में तुरंत बाँट दिया गया। इन शस्त्रों का ५४ घटनाओं में प्रयोग किया गया।" इनका प्रयोग बाघा जतीन, रास बिहारी बोस, भगत सिंह, चन्द्र शेखर आजाद के द्वारा होने के अतिरिक्त काकोरी डकैती कांड, चिटागोंग डकैती जैसे वारदातों में हुआ।

इस घटना की महत्ता जानने के लिए इसके पृष्ठभूमि को जानना आवश्यक है। सन् १९१४ में पहला विश्वयुद्ध आरम्भ हो चुका था। अंतर्राष्ट्रीय जगत का ध्यान उस पर केन्द्रित था। विभाजन के पश्चात् बंगाल में क्रांतिकारी लहर चल रही थी। देश में स्वतंत्रता-संग्राम जोर पकड़ रहा था। १९०८ से १९१२ के मध्य अनेक उच्च पदस्थ ब्रिटिश अधिकारियों की हत्या हो चुकी थी। १९११ में राजधानी कलकत्ता से दिल्ली ले जाने के बाद भी स्वाधीनता की लहर थमने का नाम नहीं ले रही थी। दिल्ली की सड़क पर दिसम्बर १९१८ में वायसराय लार्ड हार्डिंग की हत्या का असफल प्रयास किया गया, जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए। क्रांतिकारियों का सोचना था कि सर्वभारतीय विद्रोह के लिये उपयुक्त समय आ चुका था। उन्हें काफी मात्रा में अस्त्र-शस्त्र की कमी महसूस हो रही थी। रास विहारी बोस, बाघा जतीन ने अपनी जुगांतर पार्टी के मार्फत जर्मनी से अस्त्र-शस्त्र के जहाज मँगवाने की चेष्टा की पर सफल नहीं हो सके। एक अन्य क्रांतिकारी दल आत्मोन्नति समिति, जो विपिन विहारी गांगुली के तहत कार्य कर रही थी, ने ही रोडा कम्पनी से शस्त्रों का जखीरा चमत्कारिक ढंग से हथियाने में सफलता हासिल कर ली।

घनश्याम दास बिड़ला

हनुमान प्रसाद पोद्दार

प्रभुदयाल हिम्मतसिंहका

गौरतलब यह है कि इस महत्वपूर्ण घटना में कलकत्ता के मारवाड़ी युवकों ने भी सक्रिय रूप से क्रांतिकारियों का साथ दिया। इन मारवाड़ी युवकों में **घनश्याम दास बिड़ला, प्रभु दयाल हिम्मतसिंहका, कन्हैया लाल चितलांगिया, ओंकारमल सराफ, ज्वाला प्रसाद कानोड़िया, हनुमान प्रसाद पोद्दार एवं फूलचंद चौधरी शामिल थे।** कारतूस की पेटियों को छिपाने में इनका महत्वपूर्ण योगदान था। ९ जुलाई १९१६ को उनकी गिरफ्तारी हुई। सबको जेल की अलग-अलग कोठरियों में रखा गया। प्रभुदयाल हिम्मसिंहका के यहाँ तलाशी में क्रांतिकारी अंकुल चन्द्र की चिट्ठी मिली थी। उन्हें दुमका में नजरबंद किया गया। कन्हैया लाल चितलांगिया को गंगासागर के पास काकद्वीप में रखकर घोर यंत्रणायें दी गई। ओंकारमल सराफ का क्रांतिकारी आशुतोष लाहिरी से अंतरंग संबंध था। घनश्याम दास बिड़ला और ज्वाला प्रसाद कानोड़िया पर निकला हुआ वारंट, इनके भूमिगत हो जाने के कारण तामील नहीं हो सका। हनुमान प्रसाद पोद्दार को सिमलीपाल, बांकुड़ा में नजरबंद रखा गया। जनवरी १९२० में कैदियों के क्षमादान की घोषणा के बाद उनकी रिहाई हुई। प्रभुदयाल हिम्मतसिंहका ने तो इस घटना में सक्रिय भाग लिया था।

Krishi Rasayan Group

29, Lala Lajpat Rai Sarani (Elgin Road),
Kolkata - 700020, West-Bengal, India
www.krishirasayan.com
E-mail: atul@krishirasayan.com
Telephone: +91-33-71081010/11

With more than 50 years of experience in the agro-chemical business and being one of the oldest and leading agrochemical companies of India, **Krishi Rasayan** is touching new heights with each passing day.

The continuous process of upgradation, development and inherent changes according to the market requirements have helped **Krishi Rasayan** become a leader in the domestic circuit. **Krishi Rasayan** is expanding word-wide with exports and overseas registrations focusing on South-East Asia, Africa, Middle-East, CIS and Latin America.

Krishi Rasayan has 8 multi-location manufacturing plants in different parts of India and has 5 overseas subsidiaries.

It also boasts of having contract technical manufacturing units in India manufacturing Pretilachlor, Ethephon, Cypermethrin, Profenofos, Imidacloprid, Thiamethoxam, Metalaxyl, Metribuzin, Acetamiprid, Glyphosate, Tricyclazole, Butachlor, Emamectin benzoate, Difenconazole and Chlorpyriphos.

Additional technical products to be added are under process. The company has technical tie-ups and contract manufacturing with various companies in China and also has an office in Shanghai, China.

The company has many products including formulations such as EC, SC, WDG, SP, GR, EW and CS

Krishi Rasayan specializes in many combination products & bio-products. GLP data are available for most of the products; both 5-batch and 6-pack study.

Insecticides:
Deltamethrin 1% + Triazofos 35% EC, Profenofos 40% + Cypermethrin 4% EC, Ethion 40% + Cypermethrin 4% EC, Chlorpyriphos 50% + Cypermethrin 5% EC, Acephate 25% + Fenvalerate 3% EC, Buprofezin 15% + Acephate 35% WP, Profenofos 20% + Cypermethrin 2% EC, Deltamethrin 2.5% + Permethrin 2.5% EC, and many other forumlations available.

Fungicides:
Metalaxyl 8% + Mancozeb 64% WP, Carboxin 37.5% + Thiram 37.5% DS, Carbendazim 12% + Mancozeb 63% WP, Streptomycin sulphate + Tetracycline hydrochloride (90:10), Iprodione 25% + Carbendazim 25% WP, Cymoxanil 8% + Mancozeb 64% WP, etc

Weedicides:
Metsulfuron methyl 10% + Chlorimuron ethyl 10% WP & other formulations available.

PGR's:
6BA, Amino Acids, Ethephon, Gibberallic Acid, Hydrogen Cynamide, Tricontanol

Bio-Products:
Bacillus thuringiensis var kurstaki 7.5% WP, Trichoderma harzianum 2% WP, Trichoderma viride 1% WP, Pseudomonas fluorescens 0.5% WP, Neem Oil, Azadirachtin, Beauveria bassiana 1.15% WP, Verticillium lecani 1.15% WP and other formulations available.

To your taste buds, with love...

Refreshingly, yours.

Indulgently, yours.

Addictively, yours.

Spicily, yours.

Healthily, yours.

Nourishingly, yours.

Delightfully, yours.

Obsessively, yours.

Temptingly, yours.

Passionately, yours.

Snackingly, yours.

Yours Tastefully Anmol™

celebrating 25 years

BISCUITS

www.anmolindustries.com | Follow us on:

दिवाली में प्रज्वलित करें ज्ञान और प्रेम का दीपक – श्री श्री रविशंकर

एक दीपक की बाती को जलने के लिए उसे तेल में डूबे होना चाहिए, और साथ ही तेल के बाहर भी रहना चाहिए। यदि बाती तेल में पूरी डूब जाए, तो वह प्रकाश नहीं दे सकती। जीवन भी दीपक की बाती के समान है, तुम्हें संसार में रहते हुए भी उससे निष्प्रभावित रहना होता है। अगर तुम पदार्थ जगत में डूबे हुए हो, तो जीवन में आनंद और ज्ञान नहीं ला पाओगे। संसार में रहते हुए भी, सांसारिक माया के ऊपर उठकर हम आनंद और ज्ञान के ज्योति-प्रकाश बन सकते हैं। इस प्रकार से ज्ञान के प्रकाश के प्रकट होने का उत्सव ही दिवाली है। दीपावली बुराई पर अच्छाई का, अंधकार पर प्रकाश का और अज्ञान पर ज्ञान के विजय का त्योहार है।



हरेक दिल में प्रेम और ज्ञान की लौ को प्रज्ज्वलित करें और सभी के चेहरों पर सच्ची मुस्कान लाएँ। प्रत्येक मनुष्य में कुछ सद्‌गुण होते हैं। आपके द्वारा प्रज्ज्वलित प्रत्येक दीपक इसी का प्रतीक है। कुछ में धैर्य होता है, कुछ में प्रेम, शक्ति, उदारता, अन्य में लोगों को साथ मिलाकर चलने की क्षमता होती है। आप में स्थित अव्यक्त सद्‌गुण दीपक के समान हैं। केवल एक ही दीप जलाकर संतुष्ट न हों; हजारों दीप प्रज्ज्वलित करें क्योंकि अज्ञान के अंधकार को दूर करने के लिए अनेक जोत जलाने होंगे। ज्ञान की ज्योति प्रज्ज्वलित होने से आत्मस्वरूप के सभी पहलू जाग्रत हो जाते हैं और उनका जाग्रत और प्रकाशित हो जाना ही दीपावली है।

जीवन का एक और गूढ़ रहस्य दिवाली के पटाखों के फूटने में है। जीवन में कई बार आप पटाखों के समान अपनी दबी हुई भावनाओं, कुंठाओं और क्रोध के कारण अति ज्वलनशील रहते हैं। बस फूटने के लिए तैयार, अपने राग-द्वेष, घृणा आदि को दबाकर हम फटने की उस स्थिति तक पहुँच जाते हैं कि अब फूटे कि तब। विस्फोट के साथ प्रकाशपुंज भी होता है और आप अपनी दबी हुई भावनाओं से मुक्त होते हैं फिर अंदर में शांति का उदय होता है।

अपने नित नूतन और चिर पुरातन स्वभाव का अनुभव करने के लिए दबी हुई भावनाओं से मुक्त होना अति आवश्यक है। दीपावली का अर्थ है, वर्तमान क्षण में जीना, अतः अतीत का पछतावा और भविष्य की चिंता छोड़कर वर्तमान क्षण में जीएँ। दीपावली की मिठाइयों और उपहारों के आदान-प्रदान के पीछे भी एक मनोवैज्ञानिक पहलू है। पुरानी गलतफहमी की कड़वाहट को छोड़कर संबंधों को मधुर बनाते चलो। सेवा भाव के बिना हर उत्सव अधूरा है। परमात्मा ने जो कुछ भी हमें दिया है उस प्रसाद को हमें सबके साथ बाँटना है क्योंकि जितना बाँटेंगे उतनी ही उसकी कृपा और बरसती है।

उत्सव का और एक अर्थ है – अपने मतभेदों को मिटाकर अद्वैत आत्मा की ज्योति से अपने सच्चिदानन्द स्वरूप में विश्राम करना। दिव्य समाज की स्थापना के लिए हर दिल में ज्ञान व आनंद की ज्योति जलानी होगी। और वह तभी संभव है यदि सब एक साथ मिलकर ज्ञान का उत्सव मनाएँ। बीते हुए वर्ष के झगड़े-फसाद और नकारात्मकताओं को छोड़कर अपने भीतर उदित हुए ज्ञान पर प्रकाश डालकर एक नई शुरूआत करना ही दीपावली का उत्सव है। जब सच्चा ज्ञान उदित होता है, तब उत्सव होता है।

अधिकतर उत्सवों में हम अपनी सजगता या एकाग्रता खोने लगते हैं। उत्सव में सजगता बनाए रखने के लिए, हमारे ऋषियों नें प्रत्येक उत्सव को पावन बनाकर पूजा-विधियों के साथ जोड़ दिया इसलिए दिवाली भी पूजा का समय है। दिवाली का आध्यात्मिक पहलू उत्सव में गहराई लाता है। प्रत्येक उत्सव में आध्यात्म होना चाहिए क्योंकि आध्यात्म के बिना उत्सव छिछला होता है। जो ज्ञान में नहीं हैं, उनके लिए वर्ष में एक बार ही दिवाली आती है, किंतु जो ज्ञानी हैं उनके लिए प्रत्येक दिन, प्रतिक्षण दिवाली है। इस दिवाली को ज्ञान के साथ मनाएँ और मानवता की सेवा करने का संकल्प लें। अपने दिल में प्रेम का दीपक जलाओ।

अतीत को जाने दो, भूल जाओ जीवन का उत्सव बुद्धिमता से मनाओ। बुद्धिमता के बिना वास्तव में उत्सव नहीं मनाया जा सकता। बुद्धिमता यह जान लेना है कि ईश्वर मेरे साथ है। आज के दिन हम सब के पास जो भी सम्पति है उसे देखो। याद रखो आप के पास बहुत सारी सम्पति है और पूर्णता महसूस करो। नहीं तो मन हमेशा कमी में ही रहेगा, "ओह यह नहीं है.... वो नहीं है, इसके लिए दुखी, उसके लिए दुखी।" कमी की ओर से प्रचुरता की ओर बढ़ो। प्राचीन पद्धति है कि अपने सामने सभी सोने-चाँदी के सिक्के रखे जाते हैं, आप अपनी सारी सम्पति सामने रखते हो और कहते हो, "देखो भगवान ने मुझे इतना सब दिया है। मैं बहुत आभारी हूँ।"

तब हम लक्ष्मी पूजा करते हैं। धन और ऐश्वर्य की देवी लक्ष्मी की पूजा की जाती है, और गणेश - चेतना का आवेग जो हमारे रास्ते के सारे विघ्न हर लेते है – यह जप आज के दिन किया जाता है।

दौलत हमारे भीतर है सोना-चाँदी केवल एक बाहिरी प्रतीक है। दौलत हमारे भीतर है। भीतर में बहुत सारा प्रेम, शांति और आनंद है। इससे ज़्यादा दौलत आपको और क्या चाहिए? बुद्धिमत्ता ही वास्तविक धन है। आपका चरित्र, आपकी शांति और आत्मविश्वास आपकी वास्तविक दौलत है। जब आप ईश्वर के साथ जुड़ कर आगे बढ़ते हो तो इससे बढ़कर कोई और दौलत नहीं है। जब लहर यह याद रखती है कि वह समुद्र के साथ जुड़ी हुई है और समुद्र का हिस्सा है तो विशाल शक्ति मिलती है।

महात्मा गांधी की १५०वीं जयन्ती पर विशेष

गांधीजी, बंगाल और मारवाड़ी समाज

– सीताराम शर्मा

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का बंगाल के साथ सदैव एक असहज रिश्ता रहा। यह एक अकाट्य सत्य है। नोबेल अर्थशास्त्री प्रो. अमर्त्य सेन ने इसे स्वीकार करते हुए लिखा है – "भद्र बंगाली समाज की गांधी से बराबर एक दूरी एवं असहमति की भावना रही।" यह सच है कि राजनैतिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक दृष्टि से बंगाल देश के शेष प्रांतो से शिक्षा एवं सामाजिक मूल्यों में कहीं अधिक उन्नत था। गांधी एवं बंगाल के बीच विचारों एवं संबंधों में एक अनकहा लेकिन स्पष्ठ खिंचाव एवं तनाव था।

२७ वर्षीय गांधी की प्रथम बंगाल यात्रा

४ जुलाई १८९६ को दक्षिण अफ्रीका से वापस लौटते हुए मोहनदास करमचन्द गांधी पहली बार एक दिन की यात्रा पर कलकत्ता आये। बड़े उत्साह के साथ वे प्रायः पैदल ही स्वामी विवेकानन्द के दर्शन के लिये बेलूर मठ गये, लेकिन निराशा हाथ लगी, जब विदित हुआ कि बीमारी की वजह से वे अपने कलकत्ता निवास स्थान पर ही हैं। उसी शाम को ट्रेन से बम्बई रवाना हो गये।

तीन महीने बाद ३१ अक्तूबर को गांधी दुबारा कलकत्ता आये। अजनबी शहर, अजनबी लोग, किसी को नहीं जानते थे, ग्रेट इस्टर्न होटल में ठहरे। ड्रेस सर्कल की ४ रुपये की टिकट खरीद कर बीडन स्ट्रीट में एक ड्रामा देखने गये।

ग्रेट इस्टर्न होटल में उनका परिचय लन्दन के डेली टेलिग्राफ के रिपोर्टर से हुआ। वे गांधी को बंगाल क्लब ले गये लेकिन उस समय भारतीयों को क्लब के ड्राइंग रूम में जाने की इजाजत नहीं थी इसलिये रिपोर्टर गांधी को अपने कमरे में ले गये।

गांधी की यह कलकत्ता यात्रा बहुत ही निराशाजनक रही। वे अपनी आत्मकथा में लिखते हैं, मैं "आयडल आफ बंगाल" सुरेन्द्रनाथ बनर्जी से मिलना चाहता था। मैं दक्षिण अफ्रीका में ब्रिटिश भारतीय मूल के नागरिकों के विरुद्ध अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाना चाहता था अखबारों एवं जनसभाओं के माध्यम से। सुरेन्द्र नाथ बनर्जी से मेरी मुलाकात सफल नहीं रही, उन्होंने विषय में कोई रूचि नहीं दिखाई और मुझे राजा सर प्यारी मोहन मुखर्जी एवं महाराजा टैगोर से मिलने को कहा, दोनों ने बड़ा ठण्डा स्वागत किया और वापस सुरेन्द्र बनर्जी के पास जाने को ही कहा।"

गांधीजी का बंगाल के प्रमुख समाचार पत्रों के सम्पादकों से मिलने का प्रयास तो बहुत ही निराशाजनक रहा। अमृत बाजार पत्रिका के जिस वरिष्ठ पत्रकार से गांधीजी मिल पाये, उन्होंने गांधीजी को एक घुमक्कड़ यहूदी समझा और विदा कर दिया। उस समय के सबसे प्रमुख बंगाली अखबार "बंगवासी" के सम्पादक ने पहले तो उन्हें एक घण्टा बाहर बैठा दिया, आखिर जब मिले तो सम्पादक महोदय ने गांधी को झिड़कते हुए कहा "आप जैसे लोगो का यहाँ सुबह-शाम ताँता लगा रहता है, मेरे पास आपकी बात सुनने का समय नहीं हैं।" स्थानीय नेताओं एवं पत्रकारों से निराश गांधीजी को विदेशी अखबारों – "द स्टेट्समैन" एवं "द इंग्लिशमैन", ने बड़ा महत्व दिया। २७ वर्षीय युवा मोहनदास करमचन्द गांधी का बंगाल से यह पहला साक्षात्कार था, जो निश्चित रूप से सुखद नहीं था। वे कलकत्ता में एक आम सभा करना चाहते थे लेकिन तत्कालीन राजनैतिक-सामाजिक नेतृत्व ने उनके दक्षिण अफ्रीकी आंदोलन में कोई रुचि नहीं दिखायी।

गांधी के पास समय ही समय था इसलिये उन्होंने अपने इस प्रवास में कई फिल्म एवं थियेटर देखे लेकिन किसी भी राजनैतिक महत्व के व्यक्ति से नहीं मिल पाये।

कांग्रेस अधिवेशन में भाग लेने के लिये २४ दिसम्बर १९०१ में कलकत्ता आते हैं और ६ बैंकशाल स्ट्रीट स्थित इण्डिया क्लब में ठहरते हैं। अधिवेशन में दक्षिण अफ्रीका पर प्रस्ताव रखने में गोपाल कृष्ण गोखले मदद करते है और अधिवेशन के बाद गांधी को अपने ९१, अपर चितपुर रोड, घर पर लिवा आते हैं – और इसी के बाद गोखले गांधी के सबसे बड़े समर्थक के रूप में उभरते हैं।

१९०१ मे कांग्रेस अधिवेशन के बाद अगले वर्ष १९०२ जनवरी में कलकत्ता आते हैं और वायसराय लार्ड कर्जन से मिलने का प्रयास करते हैं लेकिन गांधी को मुलाकात का समय नहीं दिया जाता।

टैगोर एवं देशबन्धु के साथ मतभेद

१९०२ की यात्रा के उपरान्त गांधी १३ वर्षों के बाद १९१५ में शांतिनिकेतन (बंगाल) जाते हैं और १० मार्च १९१५ को पहली बार रवीन्द्रनाथ टैगोर से मिलते हैं। विश्वभारती में आज तक १० मार्च "गांधी पुण्य" के रूप में मनाया जाता है।

देशबन्धु चित्तरंजन दास एवं सुभाष चन्द्र बोस ने चौरी-चौरा घटना पर सत्याग्रह आन्दोलन वापस लेने की खुलकर आलोचना की। रवीन्द्रनाथ टैगोर ने १९२९ में गांधी के खादी आन्दोलन की आलोचना की। दिसम्बर १९२२ के गया कांग्रेस अधिवेशन में मतभेद उमर कर सामने आये जब तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष देशबन्धु चितरंजन दास द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव ८९० के मुकाबले १७४८ वोटों से गांधी समर्थकों द्वारा पराजित कर दिया गया। चितरंजन दास ने कांग्रेस अध्यक्ष से इस्तीफा देकर मोतीलाल नेहरू के साथ मिलकर स्वराज्य पार्टी का गठन किया।

सुभाष-गांधी का टकराव

१९३६-३७ के आस-पास भारत के प्रायः सभी प्रान्तों में कांग्रेस की सरकार थी, सिवाय बंगाल के। १९३९ में सुभाष बोस के कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में पुनर्निर्वाचन का गांधीजी ने खुलकर

विरोध करते हुए डॉ. भोगराजू पट्टाभि सीतारमैया का समर्थन किया। सुभाष बड़े मतों से विजयी घोषित हुए – इसे गांधी की हार माना गया। गांधी ने इसे स्वीकार करते हुए कहा – "यह सीतारमैया से अधिक मेरी हार है"। गंभीर मतभेद एवं विरोध के बीच सुभाष ने २९ अप्रैल १९३९ को कांग्रेस अध्यक्ष पद से त्यागपत्र दे दिया एवं ३ मई को फारवर्ड ब्लाक की स्थापना की घोषणा कर दी।

स्पष्टतः बंगाल और गांधी में मतभेद बार-बार उभर कर सामने आ रहे थे। गांधीजी के हस्तक्षेप की वजह से बंगाल से दो-दो निर्वाचित कांग्रेस अध्यक्षों – देशबंधु चित्तरंजन दास एवं सुभाष चन्द्र बोस, को त्यागपत्र देना पड़ा। मतभेदों के बावजूद गांधी एवं सुभाष में पत्राचार बराबर जारी रहा और एक-दूसरे के प्रति सम्मान में कोई कमी नहीं आई। इस बीच गांधी और टैगोर के व्यक्तिगत सम्पर्कों में सुभाष प्रकरण के बावजूद लगातार सुधार होता रहा। गांधीजी ने टैगोर को "गुरुदेव" एवं टैगोर ने गांधी जी को "महात्मा" कहकर एक-दूसरे के प्रति आदर व्यक्त किया। एक तरफ जहाँ बंगाल की आम जनता ने गांधीजी को हृदय से लगाया, वहीं बुद्धिजीवियों का एक तबका उनसे बराबर प्रश्न करता दिखता है।

गांधीजी एवं मारवाड़ी समाज

१३ मार्च १९१५ को कलकत्ता में मारवाड़ी समाज द्वारा गांधीजी के सम्मान में एक अभिनन्दन समारोह आयोजित किया जाता है, जिस विषय में विस्तृत जानकारी उपलब्ध नहीं है। उन्हीं दिनों, १२ मार्च को गुजराती मण्डल द्वारा सम्मान समारोह का भी समाचार है। उसी वर्ष २५ दिसम्बर को गांधी कलकत्ता में एक धर्मशाला में ठहरते हैं जिसकी व्यवस्था जमनालाल बजाज ने की थी।

३१ दिसम्बर १९२१ को श्वेताम्बर परिषद में जैन समाज की बैठक को सम्बोधन करते हैं जिसकी अध्यक्षता सेठ खेतसी खियासी ने की। २६ जनवरी १९२१ को बड़ाबाजार में व्यापारियों की बैठक को सम्बोधित करते हैं जहाँ इतनी भीड़ थी कि मंच पर पहुँचने में उन्हें एक घण्टा समय लगा। २७ जनवरी को तिलक नेशनल स्कूल का मछुआ बाजार में उद्घाटन किया और ३ फरवरी को गुजराती समाज द्वारा मनमोहन थियेटर में आनन्द जी हरिदास सम्पत की अध्यक्षता में सम्मान। ७ सितम्बर १९२१ को पंजाब सभा, मारवाड़ी एसोसियेसन की बैठकों को सम्बोधित करते हैं। १ जनवरी १९२९ को बड़ाबाजार के हरिसन रोड पर शुद्ध खादी भण्डार का उद्घाटन करते हैं।

१९ जुलाई १९३४ की यात्रा में बेलूर के जीवनलाल मोतीचन्द के घर पर ठहरते हैं। दिन में हिन्दी दैनिक विश्वामित्र कार्यालय जाते हैं। २० जुलाई को मारवाड़ी बालिका विद्यालय की छात्राएँ गांधीजी से मिलकर उनके हरिजन फण्ड के लिये योगदान देती हैं।

२६ फरवरी १९४० को ढाका मेल से गांधी कलकत्ता आते हैं। दंगे की वजह से दमदम स्टेशन पर उतरते हैं और स्थानीय मारवाड़ी व्यापारी जी. डी. लोयलका के टालीगंज रिजेन्ट पार्क निवास स्थान पर ठहरते हैं। गांधीजी का बृजमोहन बिड़ला, लक्ष्मी निवास बिड़ला, बसन्त लाल मुरारका आदि ने दमदम स्टेशन पर स्वागत किया। २ मार्च की कलकत्ता यात्रा में गांधीजी बिड़ला पार्क में ठहरते है।

मारवाड़ी क्लब

१४ अगस्त १९४७ को मारवाड़ी क्लब (आजकल मेयो रोड स्थित राजस्थान क्लब) में बैठक में गांधीजी ने कहा – 'कल हम एक स्वतंत्र देश हो जायेंगे लेकिन आज रात को हिन्दुस्तान के दो भाग हो जायेंगे, यह दोनों खुशी का और गम का दिवस है।

२१ जुलाई १९३४ को कलकत्ता कारपोरेशन से भेंट-स्वरूप प्राप्त चाँदी की ट्रे आदि की गांधीजी नीलामी करते हैं, जिसे एच. पी. पोद्दार ५ रुपये में खरीदते हैं जो एक हरिजन फण्ड में दान दी जाती है।

गांधीजी की अन्तिम बंगाल यात्रा जो सबसे लम्बी थी, ९ अगस्त से ७ सितम्बर १९४७ तक ३० दिन के लिये थी। गांधीजी ने कुल ५६६ दिन बंगाल में बिताए। बंगाल और गांधीजी का अजीब रिश्ता था। अड़ेबाजी के लिए प्रसिद्ध तार्किक बंगालियों के लिये गांधीजी एक पसंदीदा विषय थे।

बिड़ला एवं गांधीजी

१९१५ में घनश्यामदास बिरला २१ वर्ष की आयु में पहली बार गांधीजी से मिलते हैं जब उनके कलकत्ता आगमन पर उनकी बग्गी गाड़ी को अन्य लोगों के साथ मिलकर खींचते हैं। उनका यह सम्बंध आजीवन रहता है। १९४०-४२ में गांधी बिड़ला के १८, गुरूसदय रोड, कलकत्ता निवास स्थान में १२ दिन ठहरते हैं। जनवरी १९४७ में बंगाल के दंगों को शान्त करने के लिये बापू नोआखाली-मासीगपुर जाते हैं, जहाँ खाने-पीने की देखभाल के लिये घनश्यामदास बिड़ला के निजी रसोईये हरिनाम को भेजा जाता है।

महात्मा गांधी २३ दिसम्बर १९२६ को सेठ जमुनालाल बजाज के साथ कलकत्ता पधारते हैं एवं श्री रघुमल खण्डेलवाल के १५, हरीश मुखर्जी रोड स्थित निवास स्थान पर ५ दिन ठहरते हैं। अगले दिन स्वामी श्रद्धानन्द की जघन्य हत्या के विरोध में बड़ाबाजार स्थित माहेश्वरी भवन में एक सभा को सम्बोधित करते हैं।

बंगाल विभाजन से चिंतित गांधीजी ९ मई १९४७ को पुनः कलकत्ता आते हैं। इस यात्रा के दौरान उनकी मुलाकात सर्वश्री सीताराम सेक्सरिया, तुलसीराम सरावगी एवं मारवाड़ी रिलीफ सोसाइटी के पदाधिकारियों से होती है।

गांधीजी की बंगाल में मारवाड़ी मंत्री की सिफारिश

३० जून १९४७ को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने डॉ. प्रफुल्ल चन्द्र घोष को, जो स्वतंत्र भारत में पश्चिम बंगाल के प्रथम मुख्यमंत्री बने, एक पत्र लिखकर सुझाव दिया था कि सरदार बल्लभ भाई पटेल ने मुझे एक संदेश भेजा है कि आपके मंत्रिमण्डल में एक मारवाड़ी मंत्री – बद्री दास गोयनका या खेतान, होना चाहिये। मुझे लगता है यह करना उचित होगा, नहीं करना अनुचित होगा। लेकिन मुख्यमंत्री डॉ. घोष ने गांधीजी के सुझाव को स्वीकार नहीं किया।

मारवाड़ियों का बंगाल में राजनैतिक प्रतिनिधित्व एक अलग बड़ा प्रश्न है। संयोगवश १९७७ में रामकृष्ण सरावगी के बाद से गत ४२ वर्षों से कोई मारवाड़ी पश्चिम बंगाल में मंत्री पद पर नहीं है।

जचे ही कोनी

बाणियो व्यापार बिना,
दुल्हन सिणगार बिना
बीन बारात बिना
चौमासो बरसात बिना... जचे ही कोनी।

बाग माली बिना,
जीमणो थाली बिना,
कविता छंद बिना,
पुष्प सुगन्ध बिना... जचे ही कोनी।

मंदिर शंक बिना,
मोरियो पंख बिना,
घोड़ो चाल बिना,
गीत सुर-ताल बिना... जचे ही कोनी।

मर्द मूँछ बिना
डांगरों पूँछ बिना,
ब्राह्मण चोटी बिना,
पहलवान लंगोटी बिना... जचे ही कोनी।

रोटी भूख बिना,
खेजड़ी रूँख बिना,
चक्कु धार बिना,
पापड़ खार बिना... जचे ही कोनी।

घर लुगाई बिना,
सावण पुरवाई बिना
हिण्डो बाग बिना,
शिवजी नाग बिना... जचे ही कोनी।

कूवो पाणी बिना,
तेली घाणी बिना,
नारी लाज बिना,
संगीत साज बिना... जचे ही कोनी।

इत्र महक बिना
पंछी चहक बिना
मिनख परिवार बिना,
टाबर संस्कार बिना... जचे ही कोनी।

गांधी

– कन्हैया लाल सेठिया

महात्मा गांधी रै सुरगवास माथै देस री कांई दसा व्ही। सगलै जीव जगत माथै उण महान आत्मा रै गमन रो कांई असर व्हीयो, उणरौ वर्णन महाकवि पद्मश्री कन्हैयालाल सेठिया जी री रचना में घणौ मर्मस्पर्शी शब्दां में मिलै। जात-पांत रा भेद नै मेटण वालौ, मिनख मातर रौ सांचो मींत, महात्मा गांधी जैड़ा अवतारी इण धरती माथै आया न कोई आवै। एक गांधी रै मिटण सूं सगला री आंख्यां में आंसू है। मरतो मरतो ई गांधी एकता रौ पाठ पढाय ग्यौ।

आभै में उड़ता खग थमग्या
गेलै में बैंता पग थमग्या
हाको सो फूट्यो धरती पर
बै कुण गमग्या, बै कुण गमग्या?
ओ मिनख मरयोक मरयो पाखी?
सै साथै नाड़ कियां नाखी?
बा सिर कूटै है हिंदुआणी।
बा झुर झुर रोवै तुरकाणी।
इसड़ो कुण सजन सनेही हो
सगलां रा हिवड़ा डगमगग्या
बै कुण गमग्या, बै कुण गमग्या?
मिनखां रो रुलग्यो मिनखपणो
देवां री मिटगी संकलाई,
बापूजी सुरग सिधार गया
हूणी रै आडी के आई?
जीऊँला सौर पचीस बरस
बिसवास दिरार कियां ठगग्या।
गिगनार पड़ै लो अब नीचै
सतवादी वचनां स्यूं डिगग्या
बै कुण गमग्या, बै कुण गमग्या?
बापू सा मिनखां देही में
धरती पर मिनख नहीं आया,
आगै री पीढ़यां पूछै ली
के इस्या नखतरी जुग जाया?
ई एक जोत रै पलकै स्यूं
